**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सह सदस्य सचिव**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति**
**जिला–जशपुर (छ.ग.)**

## –:: संविदा भर्ती हेतु प्रेस–विज्ञप्ति ::–

क्रमाँक/ 1851 /उत्कृष्ट अंग्रेजी मा./संविदा भर्ती/2025–26 जशपुर दिनांक :– 26/06/2025

कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष, स्वामी आत्मानंद, उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति जिला–जशपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/1843/उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/2025–26 के द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।

अतः स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के रिक्त पद व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्रधान पाठक, व्यायाम शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, सहायक शिक्षक प्रयोगशाला, सहायक ग्रेड–02, सहायक ग्रेड–03, भृत्य एवं चौकीदार की पदपूर्ति किये जाने हेतु पद अनुसार योग्यताधारी आवेदकों से दिनांक 11.07.2025 मध्य रात्रि 11.:59 बजे तक केवल ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे तथा 01 दिवस त्रुटि सुधार हेतु अवसर दिया जायेगा। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन लिंक जिले की वेबसाईट **https://jashpur.nic.in** में देखी जा सकती है।

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**सह सदस्य सचिव**
**स्वामी आत्मानंद, उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम**
**विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति**
**जिला–जशपुर (छ.ग.)**

पृ.क्रमाँक/ 1852 /उत्कृष्ट अंग्रेजी मा./संविदा भर्ती/2025–26 जशपुर दिनांक :– 26/06/2025
प्रतिलिपि :–

1. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, छ.ग. अटल नगर, नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, छ.ग. अटल नगर, नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर एवं अध्यक्ष, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति जिला–जशपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
5. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सरगुजा संभाग अम्बिकापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जशपुर, जिला–जशपुर को सूचनार्थ।
7. सहायक संचालक, जिला जनसम्पर्क जशपुर, जिला–जशपुर को सूचनार्थ एवं सामाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशनार्थ।
8. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, NIC जिला–जशपुर को सूचनार्थ, उक्त विज्ञापन विस्तृत विवरण सहित जशपुर जिले के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु सूचनार्थ।

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**सह सदस्य सचिव**
**स्वामी आत्मानंद, उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम**
**विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति**
**जिला–जशपुर (छ.ग.)**

# कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष
## स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति
## जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)

-:: **संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन** ::-

क्रमाँक/ 1843 /उत्कृष्ट अंग्रेजी मा./संविदा भर्ती/2025-26 जशपुर दिनांक :- 26/06/2025

छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के निर्देशानुसार जिला जशपुर में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा, जशपुर, पतराटोली, कुनकुरी, फरसाबहार, कांसाबेल, दोकड़ा, बगीचा, कोतंबा, तपकरा एवं पत्थलगांव हेतु संविदा भर्ती विज्ञापन प्रकाशन कर शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर नियुक्ति आदेश प्रदाय किया गया था, किन्तु शासन द्वारा आयोजित अन्य नियमित भर्ती परीक्षा में चयनित होने तथा अन्य कारणों से त्यागपत्र देने के उपरांत पद रिक्त हैं।

अतः कुल 11 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के लिए स्वीकृत पद व्याख्याता, प्रधान पाठ्क/शिक्षक/सहायक शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, सहा.ग्रेड-02,03, प्रयोगशाला सहायक एवं अन्य कार्यालयीन स्टॉफ के संविदा पदों पर इच्छुक आवेदकों से **विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 11.07.2025 को मध्यरात्रि 11:59 बजे तक केवल ऑनलाईन माध्यम से आवेदन जिले के बेवसाईट www.jashpur.nic.in में दिये गये निर्देशानुसार आमंत्रित किये जायेंगे** । निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जाएंगे अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

-:: **विज्ञापित पदों का विवरण** ::-

**1. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतबा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | अंग्रेजी माध्यम | | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | योग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | व्याख्याता | सामा. अध्ययन | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 38100 |
| 2 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| | | विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 3 | सहायक शिक्षक | जीव विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| | योग :- | | | 4 | | | | | 4 | |

**2. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दोकड़ा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | योग | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 38100 |
| | | सामा. अध्ययन | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 2 | शिक्षक | सामा. विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| 3 | सहायक शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| | | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 4 | व्यायाम शिक्षक | | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| | योग :- | | | 6 | | | | | 6 | |

**3. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | योग | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | रसायन | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 38100 |
| 2 | शिक्षक | सामा. विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| | | विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | संस्कृत | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 3 | सहायक शिक्षक | हिन्दी | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| 4 | सहा. ग्रेड 03 | –– | –– | 1 | – | – | – | – | 1 | 19500 |
| | योग :– | | | 6 | | | | | 6 | |

**4. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तपकरा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | योग | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | संस्कृत | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 38100 |
| 2 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| | | सामा. विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 3 | सहायक शिक्षक | हिन्दी | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| | | सामा. विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 4 | व्यायाम शिक्षक | | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| | योग :– | | | 8 | | | | | 8 | |

**5. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | योग | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 38100 |
| | | भौतिक | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | रसायन | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 2 | प्रधान पाठक | प्राथमिक | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| 3 | शिक्षक | विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| | | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | संस्कृत | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 4 | सहायक शिक्षक | सामा.विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| | | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 5 | कम्प्यूटर शिक्षक | | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| 6 | व्यायाम शिक्षक | | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| 7 | प्रयोगशाला सहायक (जीव विज्ञान) | | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| | योग :– | | | 13 | | | | | 13 | |

**6. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कांसाबेल, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | योग | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | भौतिक | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 38100 |
| | | वाणिज्य | अंग्रेजी | – | – | – | 1 | – | 1 | |
| 2 | सहायक शिक्षक | हिन्दी | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| 3 | सहायक ग्रेड 03 | | – | 1 | – | – | – | – | 1 | 19500 |
| | योग :– | | | 3 | | | 1 | | 4 | |

## 7. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फरसाबहार, जिला-जशपुर (छ.ग.)

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | योग | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | भौतिक | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 38100 |
| | | सामा. अध्ययन | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | वाणिज्य | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 2 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| | | विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | हिन्दी | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 3 | सहायक शिक्षक | जीव विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| | | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 4 | व्यायाम शिक्षक | | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| 5 | लेखापाल/सहायक ग्रेड– 02 | | – | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| 6 | सहायक ग्रेड 03 | | – | 1 | – | – | – | – | 1 | 19500 |
| | योग :– | | | 12 | | | | | 12 | |

## 8. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.)

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | योग | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | जीवविज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 38100 |
| | | सामा. अध्ययन | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | वाणिज्य | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 2 | शिक्षक | हिन्दी | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| 2 | कम्प्यूटर शिक्षक | | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| 3 | भृत्य | | – | 1 | – | – | – | 1 | 2 | 15600 |
| 4 | चौकीदार | | – | 1 | – | – | – | – | 1 | 15600 |
| | योग :– | | | 7 | | | | 1 | 8 | |

## 9. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पतराटोली, जिला-जशपुर (छ.ग.)

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | योग | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | रसायन | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 38100 |
| | | सामा. अध्ययन | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | वाणिज्य | अंग्रेजी | – | – | – | 1 | – | 1 | |
| 2 | शिक्षक | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| 3 | भृत्य | | — | 1 | – | – | 1 | – | 2 | 15600 |
| | योग :– | | | 4 | | | 2 | | 6 | |

## 10. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | योग | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिक्षक | विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| | | गणित | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 2 | सहायक शिक्षक | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| 3 | सहायक शिक्षक | गणित | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| 4 | व्यायाम शिक्षक | | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| 5 | सहायक ग्रेड 03 | | – | 1 | – | – | – | – | 1 | 19500 |
| | योग :– | | | 6 | | | | | 6 | |

**11. स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (महिला) | योग | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 38100 |
| | | गणित | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | भौतिक | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | रसायन | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | सामा. अध्ययन | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| | | वाणिज्य | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | |
| 2 | सहायक शिक्षक | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | – | 1 | 25300 |
| 3 | व्यायाम शिक्षक | | हिन्दी | 1 | – | – | – | – | 1 | 35400 |
| | योग :– | | | 8 | | | | | 8 | |

## 1) न्यूनतम शैक्षणिक/व्यावसायिक/तकनीकी अर्हता :-

**1.1 व्याख्याता :-**

a) अभ्यर्थी को अपने सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र (विद्यालयीन अथवा महाविद्यालयीन) के दौरान किसी भी सत्र में अंग्रेजी माध्यम (English Medium) से पढ़ाई किया होना अनिवार्य होगा। हिन्दी माध्यम के विषयों के लिए अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की आवश्यकता नहीं होगी।

b) **व्यावसायिक योग्यता** –बी.एड. उत्तीर्ण उपाधि अनिवार्य है तथा,

c) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50% अंकों से आवेदित विषय में निम्नानुसार स्नातकोत्तर/समकक्ष परीक्षा उतीर्ण :–

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | हिन्दी | हिन्दी (साहित्य) |
| 2 | अंग्रेजी | अंग्रेजी (साहित्य) |
| 3 | संस्कृत | संस्कृत/क्लासिक्स/आचार्य |
| 4 | भौतिक | भौतिक/इलेक्ट्रॉनिक्स/एप्लाइड भौतिकी/न्यूक्लियर भौतिकी |
| 5 | रसायन | रसायन/बायोकेमेस्ट्री |
| 6 | गणित | गणित/एप्लाईड गणित |
| 7 | जीवविज्ञान | वनस्पति शास्त्र/प्राणी शास्त्र/लाइफ साइन्स/जैविकी/अनुवांशिकी (जेनेटिक्स)/सूक्ष्म जैविकी (माईक्रोबायोलॉजी)/जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नॉलाजी)/ आण्विक जीव विज्ञान (मॉलिकुलर बायोलॉजी)/ पादप कार्यिकी (प्लान्ट फिजियोलॉजी) तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र विषय रहा हो। |
| 8 | सामाजिक अध्ययन | अर्थशास्त्र /एप्लाइड अर्थशास्त्र/बिजनेस अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान/लोक प्रशासन/भूगोल/इतिहास/प्राचीन भारतीय इतिहास |
| 9 | वाणिज्य | एकाउन्टेसी सहित वाणिज्य/कॉस्ट एकाउटिंग/फाइनेन्सियल एकाउन्टेंसी मुख्य विषय के रूप में रहा हो। |

**1.2 शिक्षक :-**

a) अभ्यर्थी को अपने सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र (विद्यालयीन अथवा महाविद्यालयीन) के दौरान किसी भी सत्र में अंग्रेजी माध्यम (English Medium) से पढ़ाई किया होना अनिवार्य होगा। हिन्दी माध्यम के विषयों के लिए अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की आवश्यकता नहीं होगी।

b) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रयोजन के लिये जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण।

c) **व्यावसायिक योग्यता** – बी.एड. उत्तीर्ण उपाधि अनिवार्य है, तथा

d) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से निम्नानुसार आवेदित विषय में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक/समकक्ष परीक्षा उतीर्ण।

| क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | अंग्रेजी | अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो। |
| 2 | सामाजिक विज्ञान | इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय अनिवार्य होगा। |
| 3 | विज्ञान | रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, भौतिकी, कम्प्यूटर साइंस एवं भू–गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो तथा बी.ई./बी.टेक, |
| 4 | गणित | गणित के साथ निम्नलिखित में से कोई दो विषय – भौतिक/रसायन/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर साईंस/सांख्यिकी, भू–गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो तथा बी.ई./बी.टेक, |

**1.3 सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) :–**

a) अभ्यर्थी का अपने सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र (विद्यालयीन) के दौरान किसी भी सत्र में अंग्रेजी माध्यम (English Medium) से पढ़ाई किया होना अनिवार्य होगा। हिन्दी माध्यम के विषयों के लिए अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की आवश्यकता नहीं होगी।

b) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रयोजन के लिये जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण।

c) **व्यवसायिक योग्यता** – डी.एड. अथवा डी.एल.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

d) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से न्यूनतम 50% अंको के साथ बारहवीं (10+2) परीक्षा निम्नानुसार विषय समूह के साथ उतीर्ण होना अनिवार्य

| स.क्र. | विषय | विषय समूह/विशिष्ट विषय |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | हिन्दी | हिन्दी विशिष्ट |
| 2 | अंग्रेजी | अंग्रेजी विशिष्ट |
| 3 | जीव विज्ञान | जीव विज्ञान विषय समूह |
| 4 | गणित | गणित विषय समूह |
| 5 | सामा.विज्ञान | कला विषय समूह |

**1.4 प्रधान पाठक (प्राथमिक) (अंग्रेजी माध्यम) :–**

a) अभ्यर्थी को अपने सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र (विद्यालयीन) के दौरान किसी भी सत्र में अंग्रेजी माध्यम (English Medium) से पढ़ाई किया होना अनिवार्य होगा।

b) **व्यवसायिक योग्यता** – डी.एड. अथवा डी.एल.एड. उत्तीर्ण एवं टीईटी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

c) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल न्यूनतम 50% अंको के साथ बारहवीं (10+2) परीक्षा उतीर्ण होना अनिवार्य है।

d) **अनुभव** – किसी मान्यता प्राप्त संस्था में प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद में 02 वर्षों के कार्य का अनुभव अनिवार्य। अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्था में लगातार 03 पूर्ण वर्ष का शिक्षकीय कार्य का अनुभव। अनुभव के साथ नियुक्ति आदेश भी अनिवार्य होगी।

**1.5 कम्प्यूटर शिक्षक :–**

a) अभ्यर्थी को अपने सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के दौरान किसी भी सत्र में अंग्रेजी माध्यम (English Medium) से पढ़ाई किया होना अनिवार्य है।

b) **शैक्षणिक योग्यता** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंको के साथ बी.सी.ए., बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस), बी.एस.सी. (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी), बी.ई./बी.टेक (कम्प्यूटर साइंस अथवा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)

**1.6 व्यायाम शिक्षक :–**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। हिन्दी माध्यम के विषयों के लिए अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की आवश्यकता नहीं होगी।

b) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50% अंको के साथ स्नातक/समकक्ष परीक्षा उतीर्ण।

c) **व्यवसायिक योग्यता** – डी.पी.एड./बी.पी.एड. अथवा एम.पी.एड. उतीर्ण अनिवार्य।

**1.7 लेखापाल/सहायक ग्रेड-02**

a) **शैक्षणिक योग्यता** –किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50% अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण

b) **व्यवसायिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र तथा,

c) कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग का 5000 key डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होना चाहिए। (इस संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी।)

**1.8 प्रयोगशाला सहायक :-**

a) प्रयोगशाला सहायक जीव विज्ञान के लिए जीव विज्ञान विषय समूह के साथ मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से न्यूनतम 50% अंको के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा उतीर्ण।

**1.9 सहायक ग्रेड-03**

a) किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से हाई स्कूल उत्तीर्ण एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा न्यूनतम 50% अंको के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

b) **व्यवसायिक योग्यता** –किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र तथा,

c) कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग का 5000 key डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होना चाहिए। (इस संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी।)

**1.10 भृत्य**

a) **शैक्षणिक योग्यता** – कक्षा 8वीं की परीक्षा न्यूनतम बी (B) ग्रेड अथवा न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण अनिवार्य।

## 2) संविदा भर्ती हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :-

i. **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति ''माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक–19688/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी''।**

ii. **उपरोक्त नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक–WPS 7344/2023 में पारित अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।**

iii. **विज्ञापित पदों को संविदा से भरें जायेंगे।**

iv. विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है। पदों की संख्या घट, बढ़ अथवा विलोपित हो सकती है।

v. संविदा नियुक्ति छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में निहित प्रावधानों के अधीन होगी।

vi. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है। समक्ष अधिकारी द्वारा जारी किया गया निवास प्रमाण–पत्र की मूल प्रति ही अपलोड करने पर मान्य किए जावेंगे।

vii. आरक्षित वर्ग हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण–पत्र की मूल प्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा।

viii. स्नातक/स्नातकोत्तर के सभी वर्ष/सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम की समस्त मूलप्रति को एक पी.डी.एफ. फाईल में अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

ix. विज्ञापित पद पूर्णतः अस्थाई है। संविदा नियुक्ति की अवधि में नियोक्ता या नियुक्त अभ्यर्थी में से किसी भी पक्ष द्वारा 01 माह का वेतन या सेवा समाप्ति के 01 माह पूर्व सूचना देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

x. संविदा शिक्षक/कर्मचारियों के विरूद्ध छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम के प्रतिकूल व गंभीर स्थिति/प्रकरण में तत्काल उसे सेवा से पृथक किया जा सकेगा।

xi. नियोक्ता समिति द्वारा संविदा पद पर नियुक्त समस्त अभ्यर्थियों के कार्य, व्यवहार, आचरण एवं कार्य प्रदर्शन का प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति में मूल्यांकन किया जावेगा एवं उपयुक्तता के आधार पर संविदा अवधि में आवश्यकतानुसार वृद्धि की जा सकेगी।

xii. अभ्यर्थी, किसी भी पद पर आवेदन के पूर्व अपनी पात्रता एवं आवेदित पद हेतु वांछित न्यूनतम अर्हता का परीक्षण स्वयं कर लेवें, त्रुटिपूर्ण आवेदन, भ्रामक या गलत जानकारी के आधार पर अभ्यर्थी को भर्ती के किसी भी चरण में अपात्र घोषित किया जा सकता है, तथा नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। केवल आवेदन कर देने मात्र से ही अभ्यर्थी का आवेदित पद पर चयन का अधिकार नहीं होगा।

xiii. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे, अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

xiv. संविदा नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई प्रकृति की होगी एवं नियुक्त अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लेखित एकमुश्त वेतन के अतिरिक्त स्थाईकरण, नियमितिकरण, संविलियन, पेंशन या अन्य कोई सेवालाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा, न ही इस संबंध में कोई दावा विचारणीय होगा।

xv. अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जावेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/चयन हेतु अपात्र किया जा सकेगा

xvi. संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.01.2025 को 21 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर), के आवेदकों को सामान्य प्रशासन विभाग छ.ग. शासन द्वारा आयु सीमा में छूट संबधी निर्देश लागू होंगे। सभी वर्ग के महिलाओं, निःशक्तजन, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिकों को छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा किन्तु सभी देय छूटों को मिलाकर उनकी अधिकतम आयु–सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

xvii. आयु के सत्यापन/समर्थन हेतु जन्म प्रमाण–पत्र या कक्षा 8वीं, 10वीं की अंकसूची जिसमें जन्म तिथि अंकित हो, के आधार पर किया जावेगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा।

## 3) चयन प्रक्रिया :-

**i. साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।**

**ii. आवेदन एवं चयन प्रक्रिया तथा रिक्त पदों के आरक्षण के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के लिये पृथक–पृथक मानव संसाधन (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक) सेट–अप प्रत्येक विद्यालय को पृथक–पृथक ईकाई मानकर स्वीकृत किया गया है, जिस पर नियुक्ति का अधिकार संबंधित विद्यालय की प्रबंधन एवं संचालन समिति को दिया गया है। चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, श्रम एवं संसाधन की बचत, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पात्र एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से एकीकृत ऑनलाईन आवेदन लिये जा रहे हैं। अतः जिले के समस्त विद्यालयों हेतु स्वीकृत कुल पदों का विषयवार योग करते हुये (प्रवर्गवार एवं विषयवार एकीकृत मेरिट सूची तैयार कर) अधिकतम 20 गुना तक, अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा हेतु आहूत किया जावेगा। न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के भारांश एवं साक्षात्कार तथा कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको का योग कर अंतिम एकीकृत मेरिट सूची तैयार की जावेगी। अंतिम मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग उपरांत प्राथमिकता क्रमानुसार विद्यालयों में पदस्थ किया जावेगा।**

**iii.** दस्तावेज सत्यापन हेतु एकीकृत कुल पद के विरूद्ध भारांश आधारित मेरिट क्रम में अधिकतम 25 गुना तक, अभ्यर्थियों को मूल प्रमाणपत्रों की जाँच/सत्यापन हेतु आहूत किया जावेगा।

**iv.** प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों के चयन एवं नियुक्ति की स्थिति में अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में पदस्थापना हेतु दिए गये प्राथमिकता क्रम को विचार में नहीं लिया जावेगा। प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति, पूर्णतः पदों की रिक्तता के आधार पर होगी।

v. अंतिम एकीकृत मेरिट सूची 01 वर्ष तक वैध रहेगी।

vi. चयन सूची के प्रतीक्षा सूची से जिले में संचालित 11 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम मनोरा, जशपुर, पतराटोली, कुनकुरी, फरसाबहार, कांसाबेल, बगीचा, पत्थलगांव, तपकरा, दोकड़ा एवं कोतबा किसी भी स्कूल में रिक्त पदों की पूर्ति की जायेगी।

vii. काउंसिलिंग के माध्यम से पदस्थापना हेतु विद्यालय आबंटित की जायेगी।

viii. संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि विज्ञापन में उल्लेखित अनुसार वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, महंगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जायेगा, तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतनवृद्धि की पात्रता नहीं होगी।

ix. उक्त विज्ञापित पदों के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में आमंत्रित करने हेतु व्यवसायिक योग्यता के प्राप्तांक को भारांश में शामिल नहीं किया जावेगा।

x. **मेरिट सूची हेतु निम्नांकित तालिका अनुसार शैक्षणिक योग्यता का वेटेज प्रतिशत की गणना की जायेगी :-**

| कक्षा | पद संवर्ग | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सहायक शिक्षक/प्रयोग शाला सहायक/प्रधान पाठक (प्राथमिक) पद संवर्ग | शिक्षक/व्यायाम शिक्षक पद संवर्ग | व्याख्याता पद संवर्ग | कम्प्यूटर शिक्षक | सहायक ग्रेड 03 | सहायक ग्रेड 02 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 10वीं | 20% | 10% | 5% | 10% | 20% | 10% |
| 12वीं | 40% | 10% | 5% | 10% | 30% | 10% |
| स्नातक | - | 40% | 20% | 40% | - | 30% |
| स्नातकोत्तर | - | - | 30% | - | - | - |
| **योग** | **60%** | **60%** | **60%** | **60%** | **50%** | **50%** |

xi. **अंतिम चयन सूची हेतु निम्नांकित तालिका अनुसार गणना की जायेगी :-**

| क्र | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता का कुल अंक भार | साक्षात्कार/प्रायोगिक/ कौशल परीक्षा का अंक भार | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समस्त विज्ञापित पदों हेतु (सहायक ग्रेड 02, 03 एवं चतुर्थ श्रेणी के पद को छोड़कर) | **60%** | **40 %** (शैक्षणिक कौशल, विषय ज्ञान, अंग्रेजी सम्प्रेषण व साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षा हेतु) | **100%** |
| 2 | सहायक ग्रेड 02, सहायक ग्रेड 03 हेतु | **50%** | **50%** (कौशल परीक्षा हेतु) | **100%** |
| 3 | चतुर्थ श्रेणी के पद संवर्ग हेतु | **वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षा के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी।** | | |

## 4). ऑनलाईन आवेदन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश :-

i. ऑनलाईन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का **E-mail** आई.डी. होना अनिवार्य है। **E-mail** आई.डी. नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थी **E-mail** आई.डी. बना लेवें।

ii. ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी को पोर्टल में अपना मोबाइल नं. से पंजीयन किया जाना अनिवार्य होगा।

iii. समस्त दस्तावेजों की मूलप्रति की पी.डी.एफ. फाईल ही अपलोड किया जाना है। अपलोडिंग हेतु किसी भी दस्तावेज की छायाप्रति अपलोड किया जाना मान्य नहीं होगा, केवल दस्तावेजों की मूलप्रति ही अपलोड किये जाने पर मान्य होगा।

iv. ऑनलाईन आवेदन प्रारूप के साथ वांछित प्रमाण-पत्र एवं अंकसूची व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रति (Original Scanned Document Copy) ही अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।

v. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने ऑनलाईन आवेदन पत्र में नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण–पत्र की मूल प्रति अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।

vi. अभ्यर्थी के द्वारा मोबाईल के माध्यम से आवेदन किये जाने पर त्रुटि होने की संभावना हो सकती है, अभ्यर्थी कम्प्यूटर सिस्टम/लैपटॉप अथवा किसी भी ऑनलाईन/डिजिटल सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। त्रुटिपूर्ण भरे आवेदन निरस्त किये जा सकते हैं एवं निरस्तीकरण के संबंध में पृथक से कोई सूचना नहीं दी जायेगी।

vii. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। अन्य किसी भी माध्यम से स्वीकार नहीं किया जायेगा।

viii. ऑनलाईन आवेदन की त्रुटि सुधार हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि के पश्चात 01 दिवस का समय दिया जावेगा। इस अवधि में नये आवेदन का पंजीयन नहीं हो सकेगा। आवेदक को सफलतापूर्वक भरे गये आवेदन का प्रिंटआउट कर अपने पास अनिवार्य रूप से रखना होगा।

ix. नियुक्ति पश्चात् पुलिस विभाग से अभ्यर्थी का चरित्र सत्यापन कराया जायेगा। प्रतिकूल टिप्पणी प्राप्त होने पर सेवा से तत्काल पृथक किया जायेगाा, जिसकी जिम्मेदारी आवेदक की स्वयं की होगी।

x. अभ्यर्थी के आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान में पासपोर्ट साईज कलर फोटो, हस्ताक्षर व अन्य अनिवार्य दस्तावेज की मूल प्रति अपलोड करना होगा।

xi. आवेदक के द्वारा आवेदन हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि.................. .....तक जारी किया होना अनिवार्य है। आवेदन के अंतिम तिथि के उपरांत जारी कोई भी दस्तावेज अस्वीकृत कर दिया जायेगा तथा उक्त संबंध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं होगा। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि के बाद किसी भी परिस्थिति में किसी भी प्रकार के प्रमाण–पत्र स्वीकर नहीं किये जायेगें।

xii. आवेदन का प्रारूप नियम व शर्तें हेतु जिले के वेबसाईट https://jashpur.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है तथा आवेदन भरने के लिए वेबसाईट की मेनू नोटिस (Notice) के सब–मेनू (Recruitment) में लिंक दिनांक .................तक सक्रिय रहेगी।

xiii. अभ्यर्थी जिले के वेबसाईट में दिये गये लिंक पर क्लिक कर अपना आवेदन फॉर्म ऑनलाईन भर सकते हैं।

xiv. चयन प्रक्रिया संबंधित समस्त निर्देश एवं कार्यवाहियों की सूचना जिला जशपुर के वेबसाईट www.jashpur.nic.in पर अद्यतन की जावेगी अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पश्चात् नियमित रूप से जिले की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

xv. संविदा भर्ती हेतु चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य की जावेगी। **विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन समिति का निर्णय ही अंतिम व सर्वमान्य होगा।** नियुक्त अभ्यर्थी पर छ.ग. संविदा भर्ती नियम 2012 के अधीन समस्त नियम व शर्तें लागू होंगे।

**5) अभ्यर्थी की पात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा :–**

1. चयन के लियें अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा।
2. चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अथवा नियुक्तिकर्ता को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि नियुक्तिकर्ता के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति नियुक्तिकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय,**
**संचालन एवं प्रबंधन समिति**
**जिला जशपुर (छ.ग.)**

पृ0क्र0/ 1844 /अंग्रेजी मा./संविदा भर्ती/2025-26 जशपुर दिनांक :- 26/6/2025

**प्रतिलिपि :–**

1. सचिव छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

2. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. आयुक्त, सरगुजा संभाग अम्बिकापुर, (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
4. संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सरगुजा संभाग अम्बिकापुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जशपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
6. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. सहायक संचालक, जिला जनसंपर्क जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
8. डी.आई.ओ. एन.आई.सी. जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं जिले के वेबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय,**
**संचालन एवं प्रबंधन समिति**
**जिला जशपुर (छ.ग.)**